संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ
Sanjay Gandhi Post Graduate Institute of Med. Sciences,
Raibareli Road, Lucknow- 226 014 (U.P.), INDIA
Phones: 0522-2668004-8,2668700-800-900 Fax: 91-0522- 2668017,2668078

पत्रांक– पी0जी0आई0 / मु0चि0अ0 / पी0एस0 / 2364 / 2023 दिनांक : ~~जुलाई~~, 2023 01/08/2023

कार्यालय–आदेश

उत्तर प्रदेश सरकार के जन सुनवाई पोर्टल (आई0जी0आर0एस0) पर प्राप्त हो रही शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध रूप में सुनिश्चित किए जाने हेतु समय सारिणी निर्धारित है तथा समय–2 पर उत्तर प्रदेश सरकार के विभिन्न स्तरों, यथा मा0 मुख्यमंत्री जी कार्यालय, मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव / सचिव / विशेष सचिव, चिकित्सा शिक्षा एवं डी0जी0एम0ई0 कार्यालय के उनके समयबद्ध निस्तारण हेतु निर्देश प्राप्त होते रहतें हैं तथा विभिन्न बैठकों के माध्यम से समय–2 पर अनुश्रवण किया जाता है एवं बिलम्ब होने की स्थिति में असंतोष प्रकट किया जाता है।

इस सम्बन्ध में अनुभव किया गया है कि संस्थान के सम्बन्धित विभागों / अनुभागों से सम्बन्धित शिकायत पर न्यून महत्व दिया जाता है तथा समुचित कार्यवाही कराकर आख्या प्रेषित किए जाने में बिलम्ब किया जाता है, जिसके कारण संस्थान को असन्तोष का सामना करना पडता है।

उक्त वर्णित परिस्थितियों में एतत्द्वारा यह आदेश पारित किए जाते हैं कि सम्बन्धित विभागाध्यक्ष / नोडल अधिकारी जन सुनवाई पोर्टल (आई0जी0आर0एस0) पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का सर्वोच्च प्राथमिकता पर निस्तारण कराकर कृत कार्यवाही की आख्या / सूचना संस्थान स्थित जन सुनवाई के नोडल अधिकारी (चिकित्सा अधीक्षक) / कोआर्डिनेटर (श्री के0पी0श्रीवास्तव, प्रशासनिक अधिकारी) को प्रेषित करना सुनिश्चत करें।

(प्रो0 राधा कृष्ण धीमन)
निदेशक

प्रतिलिपि–

1. मुख्य चिकित्सा अधीक्षक।
2. चिकित्सा अधीक्षक / नोडल अधिकारी (जन सुनवाई)
3. फैकल्टी इन्चार्ज, अभियन्त्रण।
4. कार्यपालक कुलसचिव।
5. संयुक्त निदेशक (प्रशासन)।
6. वित्त अधिकारी।
7. संयुक्त निदेशक (सा0प्र0)।
8. समस्त विभागाध्यक्ष / नोडल अधिकारी। श्री के0पी0श्रीवास्तव, प्रशासनिक अधिकारी / कोआर्डिनेटर (जन सुनवाई)
9. विभागाध्यक्ष, बी0एच0आई0 इस आदेश को संस्थान की वेबसाईट में कृपया अपलोड करायें।

(प्रो0 राधा कृष्ण धीमन)
निदेशक